दिनांकः 30.07.2025 समय : 18.30 पीएम

## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में भारी बारिश की स्थिति को देखते हुए आपदा राहत प्रबन्ध की बैठक ली–राजधानी जयपुर का दौरा कर हालात का जायजा लिया।

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त दो अगस्त को जारी की जाएगी।

- राज्यसभा में ऑपरेशन सिन्दूर पर चर्चा जारी– सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने कहा–एनडीए सरकार आतंकवाद से सख्ती से मुकाबला कर रही है।

- इसरो और नासा की ओर से निसार उपग्रह की सफल लॉचिंग।

- मेडता में आज से 8 दिवसीय मीरा महोत्सव का आगाज़।

.........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज आपदा राहत प्रबंधन की उच्च स्तरीय बैठक ली। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में प्रदेश में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान श्री शर्मा ने अधिकारियों को पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा राहत टीमें जलभराव क्षेत्रों की लगातार निगरानी करें। उन्होंने नागरिकों को आपदा की स्थिति में बाढ़ नियंत्रण कक्ष को सूचित करने का आग्रह किया। उन्होंने इसके साथ ही नागरिकों से आपदा की स्थिति में हैल्पलाइन नम्बर 1070 पर सम्पर्क करने की सलाह दी है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा इस समय राजधानी जयपुर का दौरा कर बरसात से उत्पन्न स्थिति का जायजा ले रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री लागों से बातचीत भी कर रहे हैं।

.........................

प्रदेश में कई स्थानों पर हुई भारी बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। कई गांवों का मुख्य मार्गों से सम्पर्क टूट गया है। बारां, सिरोही, करौली, सहित कई स्थानों पर बारिश का दौर जारी है। सवाईमाधोपुर के खण्डार में 23 सेंटीमीटर पानी बरसा। सवाईमाधोपुर में बीती रात हुई भारी बारिश के बाद सूरवाल बांध पर चादर चल रही है। इससे आसपास के गांवों में जल भराव की स्थिति बनी हुई है। इस बीच आपदा प्रबन्धन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जल्द ही नुकसान का सर्वे करवाने और राज्य सरकार की ओर से सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया।

वहीं हाड़ौती अंचल में कई जगह बीते दो दिन से तेज बारिश हो रही है। कालीसिंध, परवन, पार्वती, चम्बल, बाणगंगा और अन्य नदियां उफान पर हैं। पार्वती नदी में लगातार पानी की आवक होने से कोटा के खातौली क्षेत्र में हालात विकट हो गये हैं। पानी भरने के कारण 50 से ज्यादा रास्ते अवरूद्ध हो गये हैं। करौली के मण्डरायल उपखण्ड के कई गांवों में पानी भरने से हालात बिगड़ने लगे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रशासन की ओर से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है।

....................

धौलपुर में भी तेज बारिश से जगह–जगह पानी भर गया है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि चम्बल नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चल रहा है।

.......................

मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, अजमेर, बीकानेर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में कल भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं कोटा, उदयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के दक्षिणी–पूर्वी भागों में एक अगस्त से भारी बारिश से राहत मिलने की संभावना है। इस बीच आज 6 जिलों बारां, बूंदी, चित्तौड़गढ, झालावाड़, कोटा और प्रतापगढ़ के लिए मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट बताया गया है। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश में बहुत भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर जमवारामगढ़ बांध में कल होने वाला कृत्रिम वर्षा का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

............................

जयपुर में नगर निगम हैरिटेज की ओर से परकोटा क्षेत्र में जर्जर भवनों की पहचान का काम शुरू किया गया है। निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने बताया कि इसके लिए अधिकारियों की ओर से भवनों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। उधर डीग जिले में भी जर्जर और क्षतिग्रस्त स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों की

पहचान की जा रही है। गौरतलब है कि हाल ही में झालावाड़ के पिपलोदी दुखान्तिका के बाद प्रदेशभर में पुराने और असुरक्षित जर्जर विद्यालय भवनों और आंगनबाड़ी केन्द्रों का सर्वे किया जा रहा है।

-------------------------

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त 2 अगस्त को जारी की जाएगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज इसकी तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में किसानों को ये किस्त जारी करेगें। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को राज्य, जिला और ग्रामीण स्तर पर इस कार्यक्रम से किसानों को जोड़ने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम एक उत्सव और मिशन के रूप में आयोजित होना चाहिए। बैठक से देशभर के 731 कृषि विज्ञान केन्द्र, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् और कृषि विश्वविद्यालयों के निदेशक भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। गौरतलब है कि 2019 से शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक जारी 19 किस्तों में किसानों के खातों में करीब पौने चार लाख करोड़ की राशि हस्तान्तरित की जा चुकी है। 20वीं किस्त के रूप से 9 करोड़ 70 लाख किसानों को करीब 20 हजार 500 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण किया जाएगा।

-------------------------

राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा जारी है। चर्चा में भाग लेते हुए सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह आतंकी हमले वाले दिन ही श्रीनगर पहुँच गए थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब की अपनी यात्रा बीच में ही छोड़ दी थी। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार कितनी संवेदनशील है। श्री नड्डा ने सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका की सराहना की। श्री नड्डा ने कहा कि एन डी ए सरकार आतंकवाद से सख़्ती से निपट रही है।

---------------

ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान झूठी और संभावित रूप से नुकसानदायक जानकारी फैलाने के लिए डिजिटल मीडिया के एक हजार 400 से ज्यादा वेब एड्रेस ब्लॉक कर दिये गये हैं। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में ये जानकारी दी।

-------------------------

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो ने आज **सिंथेटिक अपर्चर राडार उपग्रह–निसार** अंतरिक्ष में भेजा। यह इसरो और अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी– नासा का संयुक्त मिशन है। इसमें नासा का एल–बैंड और इसरो का एस–बैंड राडार लगा है। आंध्र प्रदेश में श्री हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से **जी.एस. एल.वी.–एफ16 रॉकेट** से ये उपग्रह शाम पांच बजकर चालीस मिनट पर प्रक्षेपित किया गया। इस मिशन का उद्देश्य प्रत्येक बारह दिन पर पूरी पृथ्वी और इसकी आंतरिक हलचलों का निरीक्षण करना है।

इससे जलवायु परिवर्तन, अनुसंधान और आपदा कार्रवाई के लिए उच्च गुणवत्ता के स्पष्ट चित्र और डेटा उपलब्ध होंगे।

............................

चिकित्सा विभाग आरजीएचएस में पारदर्शिता लाने के लिए प्रभावी कदम उठायेगा। इसके लिए एंटी फॉड यूनिट गठित की जाएगी। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने आज जयपुर में आरजीएचएस की समीक्षा करते हुए इस बारे में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजना के लिए प्रभावी गाइड लाइन और एसओपी जल्द तैयार की जाएगी ताकि लाभार्थियों को ईलाज लेने में किसी तरह की कठिनाई नही हो। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि आरजीएचएस के सुचारू संचालन के लिए मानव संसाधन की कमी नहीं आने दी जाएगी। श्री खींवसर ने योजना ने तहत अस्पतालों और फार्मेसी स्टोर को नियत समय पर भुगतान किये जाने के निर्देश दिये। राजस्थान स्टेट हैल्थ इन्श्योरेन्स एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजी लाल अटल ने बताया कि अस्पतालों को साढे तीन सौ करोड से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। अगले महीने 300 से 400 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान करने की योजना है।

............................

मीरा नगरी मेड़ता में आज से मीरा महोत्सव की शुरूआत हुई। आठ दिन चलने वाले इस उत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रम होगें। हमारे नागौर संवाददाता ने बताया कि 521वें मीरा महोत्सव का आगाज चारभुजानाथ और मीरा मन्दिर में ध्वाजारोहण के साथ हुआ।

............................